**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2837**
दिनांक 17 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए

**साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत**

**2837. डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**
**श्री चन्द्र शेखर साहू:**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान साइबर अपराध पोर्टल पर महिलाओं द्वारा प्राप्त शिकायतों की संख्या कितनी है और ऐसी शिकायतों के समाधान के लिए केंद्र सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ महाराष्ट्र, ओडिशा और अन्य राज्यों में दोषी ठहराए गए और गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या कितनी है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से सहायता प्राप्त महिलाओं की राज्य-वार, विशेषकर महाराष्ट्र और ओडिशा में संख्या कितनी है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान कितनी हिंसा से प्रभावित महिलाओं ने विशेष रूप से महाराष्ट्र में कितनी महिलाओं ने निम्हान्स के माध्यम से मनो-सामाजिक परामर्श के लिए महिला हेल्पलाइन-181 के माध्यम से संपर्क किया है;
(घ) क्या केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों में पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को तेजी से ट्रैक करने के लिए कोई उपाय किए हैं; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क): 'पुलिस' और सार्वजनिक व्यवस्था भारतीय संविधान की सातवें अनुसूची के अनुसार राज्य का विषय हैं। राज्य/यूटी मुख्य रूप से अपने कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलएएस) के माध्यम से महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों सहित अपराधों की रोकथाम, पता लगाने, जांच और अभियोजन के लिए जिम्मेदार हैं। भारत सरकार क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत सलाह और वित्तीय सहायता के माध्यम से राज्यों/यूटी की पहल में सहयोग करती है।

सरकार ने निम्नलिखित वेबसाइट -www.cybercrime.gov.in के साथ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल(एनसीआरपी) लॉन्च किया है, ताकि सभी प्रकार के साइबर अपराधों विशेष ध्यान रूप से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों पर रिपोर्ट करने में सक्षम हो सके। इस पोर्टल पर रिपोर्ट की गई घटनाओं को कानून के प्रावधानों के अनुसार इससे निपटने के लिए संबंधित राज्य/यूटी की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को स्वचालित रूप से रूट किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान रिपोर्टिंग के लिए एनसीआरपी डैशबोर्ड के माध्यम से महिलाओं और बच्चों (महाराष्ट्र और ओडिशा सहित) के खिलाफ साइबर अपराध की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार शिकायतें **अनुलग्नक-I** में हैं।

(ख) और (ग) : अंब्रेला स्कीम मिशन शक्ति की उप स्कीम संबल के तहत महिला हेल्पलाइन डबल्यूएचएल घटक सार्वजनिक और निजी दोनो स्थानों पर महिलाओ को उपयुक्त प्राधिकारियों जैसे कि पुलिस, वन स्टॉप सेंटर, अस्पताल, कानूनी सेवा

प्राधिकारियों आदि से जोड़कर टेलीफोनिक शॉर्टकोड 181 के माध्यम से 24 घंटे तात्कालिक और गैर तात्कालिक सहायता प्रदान करना है। महिला हेल्पलाइन महिलाओ को पूरे देश में कार्यशील वेलफेयर स्कीमो कार्यकर्मों की जानकारी देने के साथ ही तनाव से पीड़ित महिलाओ को परामर्श सेवाएं भी प्रदान करता है। वर्तमान में, महिला हेल्पलाइन पश्चिम बंगाल और पुदुचेरी को छोड़कर 34 राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों में कार्यरत है ।राज्यों/संघ शासित क्षेत्र वार महिला हेल्पलाइन द्वारा हैंडल किए गए कॉल अनुलग्नक 2 में दिए गए है ।

इसके अलावा सरकार ने राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों को महिलाओ और लड़कियों द्वारा महिला हेल्पलाइन 181 पर मानसिक परामर्श लेने से संबंधित और गंभीर व्यवहार प्रदर्शित करने वाली कॉल को मनो सामाजिक परामर्श प्रदान करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस निम्हांस को डायवर्ट करने की सलाह दी है ।ऐसी कॉल को महिला हेल्पलाइन से निम्हानस को डायवर्ट किया जा सकता है न कि निम्हांस्स से महिला हेल्पलाइन को।

(घ) और (ड.) : व्यापक और समन्वित तरीके से साइबर अपराधों से निपटने के लिए तंत्र को मजबूत करने के लिए भारत सरकार ने साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाए हैं, जिसमें अलर्ट/ सलाह जारी करना; कानून प्रवर्तन कर्मियों/अभियोजन/न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण; साइबर फोरेंसिक सुविधाओं में सुधार करना आदि शामिल है। सरकार ने एक व्यापक और समन्वित तरीके से साइबर अपराधों से निपटने के लिए एलईएएस के लिए एक रूपरेखा और इको सिस्टम प्रदान करने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4 सी) की स्थापना की है। भारत सरकार ने महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध साइबर अपराध रोकथाम (सीसीपीडब्ल्यूसी) स्कीम के तहत वित्तीय सहायता राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को साइबर फॉरेंसिक-के साथ-प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं, जूनियर साइबर सलाहकारों, एलइए के कर्मियों, लोक अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों का प्रशिक्षण और काम पर रखने के लिए उनकी क्षमता-निर्माण के लिए प्रदान की है।

*****

अनुलग्नक-I

'साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायतें' के संबंध में डॉ. प्रीतम गोपीनाथराव मुंडे, श्री गिरीश भालचंद्र बापट, श्री राहुल रमेश शेवाले और श्री चंद्र शेखर साहू द्वारा दिनांक 17.03.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2837 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

**एनसीआरपी में दर्ज महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों के संबंध में शिकायतों (गुमनाम सहित) का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 20 | 17 | 21 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 684 | 788 | 1029 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 9 | 21 | 23 |
| 4 | असम | 177 | 260 | 320 |
| 5 | बिहार | 1159 | 1618 | 1955 |
| 6 | चंडीगढ़ | 107 | 111 | 184 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 231 | 286 | 347 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 15 | 20 | 23 |
| 9 | दिल्ली | 2327 | 2309 | 3283 |
| 10 | गोवा | 52 | 60 | 69 |
| 11 | गुजरात | 917 | 857 | 1037 |
| 12 | हरियाणा | 717 | 788 | 1134 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 155 | 157 | 210 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 193 | 285 | 347 |
| 15 | झारखंड | 468 | 518 | 566 |
| 16 | कर्नाटक | 1731 | 1921 | 2482 |
| 17 | केरल | 327 | 621 | 453 |
| 18 | लद्दाख | 7 | 9 | 3 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 | 3 | 7 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 825 | 934 | 1095 |
| 21 | महाराष्ट्र | 3305 | 3025 | 3304 |
| 22 | मणिपुर | 10 | 42 | 27 |
| 23 | मेघालय | 10 | 21 | 31 |
| 24 | मिजोरम | 7 | 9 | 14 |
| 25 | नागालैंड | 14 | 14 | 23 |
| 26 | ओडिशा | 310 | 512 | 620 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 31 | 75 | 74 |
| 28 | पंजाब | 542 | 590 | 1061 |
| 29 | राजस्थान | 812 | 926 | 1173 |
| 30 | सिक्किम | 10 | 501 | 17 |
| 31 | तमिलनाडु | 1848 | 3541 | 5635 |
| 32 | तेलंगाना | 1069 | 1898 | 2993 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 33 | त्रिपुरा | 49 | 47 | 73 |
| 34 | उत्तराखंड | 301 | 288 | 351 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 2218 | 2515 | 3825 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1529 | 26461 | 28501 |
| | **कुल** | **22187** | **52048** | **62310** |

अनुलग्नक-II

'साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायतें' के संबंध में डॉ. प्रीतम गोपीनाथराव मुंडे, श्री गिरीश भालचंद्र बापट, श्री राहुल रमेश शेवाले और श्री चंद्र शेखर साहू द्वारा दिनांक 17.03.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2837 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों के दौरान महिला हेल्पलाइन (डब्ल्यूएचएल-181) के माध्यम से पंजीकृत/प्राप्त और सहायता प्राप्त कॉलों की वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य-वार संख्या

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पंजीकृत/प्राप्त कॉलें | महिलाओं की सहायता की | पंजीकृत/ प्राप्त कॉलें | महिलाओं की सहायता की | पंजीकृत/प्राप्त कॉलें | महिलाओं की सहायता की |
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 307 | 39 | 391 | 42 | 454 | 39 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 239444 | 2349 | 125440 | 2035 | 93421 | 1510 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1021 | 164 | 471 | 280 | 354 | 238 |
| 4 | असम | 61786 | 1118 | 68543 | 1208 | 76658 | 1715 |
| 5 | बिहार | 34974 | 417 | 32218 | 415 | 78268 | 731 |
| 6 | चंडीगढ़ | 8958 | 8958 | 10047 | 10047 | 11021 | 11021 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 91437 | 3027 | 97960 | 3647 | 84862 | 3378 |
| 8 | दादरा और नागरा हवेली और दमन और दीव | 77 | 77 | 73 | 73 | 55 | 55 |
| 9 | दिल्ली | 568693 | 541261 | 536282 | 510154 | 542618 | 509185 |
| 10 | गोवा | 7434 | 5026 | 16254 | 12365 | 15476 | 11952 |
| 11 | गुजरात | 157378 | 157378 | 147030 | 147030 | 164952 | 164952 |
| 12 | हरियाणा | 12022 | 2714 | 12503 | 3492 | 15847 | 6530 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1838 | 1838 | 2120 | 2120 | 4235 | 4235 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर और लद्दाख | 981 | 981 | 2422 | 2422 | 1563 | 1563 |
| 15 | झारखंड | 0 | 0 | 13990 | 2644 | 43023 | 11214 |
| 16 | कर्नाटक | 240251 | 6159 | 54469 | 9095 | 61093 | 10790 |
| 17 | केरल | 18853 | 18853 | 25591 | 25591 | 41497 | 41497 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1336 | 1096 | 72783 | 15029 | 72426 | 17989 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1168 | 1168 | 8741 | 8741 | 5742 | 5742 |
| 21 | मणिपुर | 4529 | 125 | 5452 | 172 | 4824 | 131 |
| 22 | मेघालय | 3136 | 362 | 3171 | 736 | 1977 | 577 |
| 23 | मिजोरम | 1624 | 1624 | 2677 | 2677 | 2645 | 2645 |
| 24 | नागालैंड | 104 | 79 | 601 | 112 | 1925 | 996 |
| 25 | ओडिशा | 20332 | 8442 | 25342 | 8020 | 23367 | 6074 |
| 26 | पुडुचेरी* | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | पंजाब | 0 | 0 | 0 | 0 | 33929 | 33929 |
| 28 | राजस्थान | 16725 | 16725 | 5707 | 5707 | 8656 | 8656 |
| 29 | सिक्किम | 8604 | 53 | 3459 | 85 | 1582 | 67 |
| 30 | तमिलनाडु | 5828 | 121420 | 5787 | 93659 | 119001 | 15046 |
| 31 | तेलंगाना | 230000 | 4842 | 246948 | 10635 | 262041 | 13319 |
| 32 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 83 | 80 | 264 | 255 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 123206 | 123206 | 16992 | 16992 | 51586 | 51586 |
| 34 | उत्तराखंड | 1105 | 1105 | 1396 | 1396 | 1247 | 1246 |
| | **कुल** | **1863151** | **1030606** | **1544943** | **896701** | **1826609** | **938863** |

******